समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# केरल मे दूसरी मौत से मचा हड़कंप, फिर मंडराने लगा निपाह वायरस का खतरा।

Publisher Published on 14 Jul 2025




**केरल के पलक्कड़ जिले मे निपाह वायरस से दूसरी मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड मे, छह जिलों मे निगरानी तेज।**

**तिरुवनंतपुरम, 14 जुलाई 2025:** केरल एक बार फिर **निपाह वायरस** के खतरे की चपेट में आ गया है। **पलक्कड़** जिले में एक **58 वर्षीय व्यक्ति** की मौत के बाद राज्य सरकार हरकत में आ गई है। यह घटना कुछ दिनों पहले **मलप्पुरम मे 18 वर्षीय युवक** की निपाह से मौत के बाद सामने आई है। दो मौतों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के छह जिलों में विशेष अलर्ट जारी कर दिया है।

**कहां-कहां फैला है संक्रमण का खतरा ?**

स्वास्थ्य मंत्री **वीणा जॉर्ज** ने बताया कि मृतक के सैंपल मंजेरी मेडिकल कॉलेज में जांच के लिए भेजे गए थे, जहां निपाह पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। हालांकि, **पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी** (NIV) से अंतिम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट मिलते ही राज्य सरकार आगे की रणनीति तय करेगी।

**क्या कदम उठाए गए है ?**

१. **कांटैक्ट ट्रेसिंग और फील्ड लेवल सर्विलांस को तेज किया गया है**
२. **पलक्कड़, मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और त्रिशूर जिलों मे निपाह अलर्ट**
३. **अस्पतालों को निर्देश — तेज बुखार और सिरदर्द वाले मरीजों की रिपोर्ट तुरंत करे**
४. **मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है**
५. **बिना ज़रूरत अस्पताल न जाने की अपील की गई है**

**निपाह वायरस क्या है ?**

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** के अनुसार, **निपाह वायरस** एक **ज़ूनोटिक संक्रमण** है जो जानवरों से इंसानों में फैलता है। यह संक्रमित **चमगादड़, सुअर,** या उनके संपर्क में आने वाले खाद्य पदार्थों से फैल सकता है। **वायरस मानव-से-मानव** भी फैलता है।

**लक्षण :**
तेज बुखार, सिरदर्द, सांस लेने में दिक्कत, उलझन या बेहोशी, न्यूरोलॉजिकल समस्याएं (ब्रेन इंफेक्शन तक संभव)

**कितनी घातक है यह बीमारी ?**

**मृत्यु दर :** 40% से 75% तक

**इलाज :** कोई निश्चित टीका या इलाज नहीं

**एकमात्र उपाय :** तत्काल पहचान, आइसोलेशन और सावधानी

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.